आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 27.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रवासी राजस्थानियों को प्रदेश में निवेश का निमंत्रण दिया–कहा–राज्य सरकार पर्यटन और औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध।

- प्रदेश भाजपा ने नई कार्यकारिणी घोषित की–नौ उपाध्यक्ष और चार महासचिव बनाये गये।

- खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में युवा दम–खम दिखा रहे हैं–कर्नाटक की जैन यूनिवर्सिटी तालिका में शीर्ष पर।

- प्रदेशभर में सर्दी ने ज़ोर पकड़ा–नये तंत्र के असर से अगले कुछ दिन कई स्थानों पर बारिश की संभावना।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राजस्थान पर्यटन, निवेश और औद्योगिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और राज्य सरकार की निवेश अनुकूल नीतियों और सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम से पर्यटन से संबंधित निवेश प्रक्रियाएं सुगम हुई हैं। प्रवासी राजस्थानी दिवस के सिलसिले में आज जयपुर में आयोजित पर्यटन विभाग की प्री–समिट को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन के आधारभूत ढांचे को और सुदृढ़ करने के लिए राज्य सरकार जल्द ही नई पर्यटन नीति लाएगी। उन्होंने कहा कि इसके तहत पर्यटक सुविधाओं, मार्केटिंग और प्रमोशन, मेले तथा त्योहार, कौशल विकास, रोजगार और निवेश के काम पूरी प्रतिबद्धता के साथ किये जाएंगे।

-------------

गौरतलब है कि प्रदेश में 10 दिसम्बर को होने जा रहे प्रवासी राजस्थानी दिवस सम्मेलन को लेकर इन दिनों तैयारियां ज़ोरों पर हैं। प्रवासी राजस्थानियों को मातृभूमि से भावनात्मक रूप से जोड़ने के लिए रखे गये इस आयोजन में देश–दुनिया से राजस्थानी उद्योगपतियों, निवेशकों और प्रमुख हस्तियों को आमंत्रित किया गया है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार सभी धर्मों के विकास और संरक्षण के लिए समर्पित है। आज जयपुर के सांगानेर में आयोजित दिव्य देशना कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों ने मानव जाति को सही मार्ग दिखाकर कल्याण के लिए काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जैन तीर्थों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शर्मा ने कहा कि जैन मुनियों का जीवन त्याग, तपस्या और करूणा का अद्भुत समन्वय है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे जैन मुनियों के उपदेशों को न केवल सुने, बल्कि उन्हें अपने जीवन में भी उतारें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आदिनाथ मंदिर में दर्शन कर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम में जैन समाज की ओर से मुख्यमंत्री को 'मातृ भू सेवक' की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। इस अवसर पर सहकारिता राज्यमंत्री गौतम कुमार दक और जनप्रतिनिधियों के साथ बड़ी संख्या में जैन धर्मावलंबी मौजूद रहे।

000

प्रदेश भाजपा ने आज नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है। पार्टी प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने संगठन के विभिन्न पदों पर कई वरिष्ठ नेताओं और नए चेहरों को दायित्व सौंपे। प्रदेश कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर पूर्व मंत्री सुरेन्द्रपाल सिंह टीटी और भाजपा की सांसद प्रत्याशी डॉ. ज्योति मिर्धा सहित नौ लोगों को शामिल किया गया है। वहीं महामंत्री पद पर श्रवण सिंह बगड़ी और कैलाश मेघवाल सहित चार को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह प्रवक्ताओं की सूची में युवा विधायक कैलाश वर्मा सहित सात नेताओं को शामिल किया गया है।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने प्रदेश से राष्ट्रीय और अन्तरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को करीब सवा दस लाख रुपये की वित्तीय स्वीकृति जारी की। यह राशि जम्मू में

आगामी 5 से 7 दिसम्बर तक आयोजित होने वाली तीसरी राष्ट्रीय 'लैक्रोज' खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को दी जाएगी। राज्यपाल द्वारा पहले भी 10 लाख रूपये की अनग्रह राशि लैक्रोज एसोसिएशन ऑफ इण्डिया को हस्तातंरित की थी। इस आर्थिक सहयोग और प्रोत्साहन से ही लैक्रोज की खेल की राजस्थान टीम ने विभिन्न वर्गों में अधिकृत 6 सभी प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किए। राजस्थान को इसके कारण पांच स्वर्ण, एक कांस्य पदक प्राप्त हुआ। राज्यपाल के सहयोग से ही प्रदेश की 9 महिला और 5 पुरूष, कुल 14 स्थानीय खिलाड़ी आगामी एशियाई खेलों में भाग लेने के लिए भारतीय टीम में चयनित हुए हैं।

000

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से दिव्यांगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी से निपटने के लिए कड़े कानून बनाने पर विचार करने को कहा है। न्यायालय ने आज केंद्र से दिव्यांगों और दुर्लभ आनुवंशिक विकारों से ग्रस्त व्यक्तियों का उपहास करने वाली अपमानजनक टिप्पणियों को अनुसूचित जाति–जन जाति अधिनियम की तर्ज पर दंडनीय अपराध बनाने के लिए कानून बनाने को कहा।

मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर अभद्र, आपत्तिजनक और अवैध सामग्री को नियंत्रित करने के लिए एक तटस्थ, स्वतंत्र और स्वायत्त निकाय की आवश्यकता है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने इस बारे में पीठ को सूचित किया कि सरकार में कुछ दिशानिर्देश बनाने पर विचार हो रहा है। केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हास्य किसी की गरिमा की कीमत पर नहीं हो सकता।

गौरतलब है कि न्यायालय एक एनजीओ की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। याचिका में इंडियाज़ गॉट टेलेंट के होस्ट सहित कुछ लोगों पर दिव्यांगजनों को लेकर चुटकुलों के संबंध में याचिका दायर की गई थी। अदालत ने उन्हें भविष्य में अपने आचरण के प्रति सावधान रहने का निर्देश दिया।

इधर, न्यायालय के निर्देश का स्वागत करते हुए केन्द्र सरकार के दिव्यांगजन कैरियर सेंटर के सहायक निदेशक गुरुदयाल चंद ने आकाशवाणी को बताया कि इस पहल से दिव्यांगों के साथ होने वाले अभद्र व्यवहार पर रोक लगेगी। उन्होंने कहा कि सेंटर की ओर से आगामी तीन दिसम्बर को दिव्यांगजन दिवस पर रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा।

000

प्रदेश में चल रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 20 स्वर्ण सहित 35 पदक जीतकर कर्नाटका की जैन यूनिवर्सिटी तालिका में शीर्ष पर बनी हुई है। पदक सूची में अमृतसर की गुरुनानक देव यूनिवर्सिटी 14 स्वर्णो पदकों सहित 27 मेडल के साथ दूसरे स्थान पर जबकि लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी 12 स्वर्ण पदकों के साथ कुल 21 पदक हासिल कर तीसरे स्थान पर चल रही है। इन खेलों में बीकानेर के महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय और अजमेर के महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने तीन–तीन, डॉ. केएन यूनिवर्सिटी ने दो और कोटा विश्वविद्यालय ने अब तक एक मेडल जीता है।

000

अपर यमुना रिव्यू कमेटी की 9वीं बैठक आज नोएडा के यमुना भवन में आयोजित हुई। केन्द्रीय जलशक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल की अध्यक्षता में हुई बैठक में राजस्थान सहित हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और दिल्ली सरकार के मंत्री तथा उच्चाधिकारी शामिल हुए। प्रदेश से जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने बैठक में राजस्थान का पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य की सरकार अंतिम छोर तक जल उपलब्धता की दिशा में महत्वपूर्ण फैसले ले रही है।
उन्होंने कहा कि यह परियोजना सरकार की प्राथमिकता में है। उन्होंने इसकी प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि डीपीआर को अंतिम रूप दिया जा रहा है और शेखावाटी अंचल के जिलों तक यमुना का पानी पहुंचाने के लिए संकल्पित होकर काम किया जा रहा है। श्री रावत ने हथिनी कुण्ड बैराज से राज्य में यमुना जल अपवर्तन के लिए रेणुकाजी, लखवार और किशाऊ को राष्ट्रीय परियोजनाओं का अंग मानकर वित्तीय सहायता प्रदान कराने का केन्द्रीय मंत्री से आग्रह किया।

000

प्रदेश में मतदाता सूचियों के लिए चलाये जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में बीएलओ लगातार मतदाताओं से सम्पर्क कर डाटा जुटाने में लगे हैं। इस काम में कई सामाजिक संगठन भी बीएलओ का सहयोग कर रहे हैं। वहीं कई जिलों में प्रशासन की ओर से नवाचार किये जा रहे हैं और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का प्रचार–प्रसार के लिए उपयोग किया जा रहा है। पाली में जिला प्रशासन की ओर से युवाओं के जरिये छोटे–छोटे वीडियो और रील्स बनाकर मतदाताओं को जागरुक किया जा रहा है। वहां लाउड स्पीकर और अन्य प्रचार माध्यमों के जरिये व्यापक स्तर पर काम किया जा रहा है। इधर, कई जिलों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जा रहा है। कोटपूतली–बहरोड़ जिले में करीब 84 प्रतिशत डिजिटाइजेशन का काम पूरा होने पर जिला निर्वाचन अधिकारी प्रियंका गोस्वामी ने 30 बीएलओ को सम्मानित किया। झुंझुनूं के मंडावा में सहायक निर्वाचन अधिकारी भी घर–घर जाकर पुनरीक्षण कार्य का जायजा ले रहे हैं।

000

नवम्बर महीने के कुछ दिन शेष रहते प्रदेशभर में सर्दी जोर पकडने लगी है। मौसम विभाग ने आज से एक नये पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की उम्मीद जताते हुए जोधपुर, उदयपुर, अजमेर और जयपुर संभाग में कई स्थानों पर बारिश की संभावना व्यक्त की है। मौसम केन्द्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि 29 और 30 नवम्बर को दक्षिणी पूर्वी भागों में कहीं–कहीं कोहरा छाये रहने की संभावना है। नये विक्षोभ के असर से दिसम्बर के पहले सप्ताह में तापमान में गिरावट आने और शेखावाटी क्षेत्र के जिलों में शीतलहर चलने का पूर्वानुमान है।

000